दैनिक भास्कर 22/06/2024

जीएमएन कॉलेज में मनाया बटालियन स्तरीय योग दिवस

अम्बाला | एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विकास शांडिल्य के आदेश अनुसार हरियाणा बटालियन एनसीसी अम्बाला कैंट द्वारा बटालियन स्तरीय 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कमान अधिकारी कर्नल परमिंदर सिंह के निर्देशन में जीएमएन कॉलेज कैंट में मनाया गया। जिसमें अम्बाला क्षेत्र के विभिन्न स्कूल व कॉलेजों के करीब 250 कैडेट, 2 अधिकारी, 8 एएनओ, 12 पीआई स्टाफ शामिल हुआ। योग विशेषज्ञ द्वारा कैडेटों व स्टाफ को योगाभ्यास कराया गया व साथ ही इसका महत्व बताया।